INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL BURAIDAH

WORKSHEET STD X

क) रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए :-

१.जो कमाएगा,वह खाएगा । - **मिश्र वाक्य**

२.मैं ठीक समय पर पहुँच गया परंतु रमेश नहीं आया । - **संयुक्त वाक्य**

३.जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं वे हमेशा सुखी रहते हैं ।- **मिश्र वाक्य**

४.वर्षा होने पर फ़सलें लहलहाने लगीं । - **सरल वाक्य**

५.इस संसार में दिखाई देनेवाली सभी चीज़ें नाशवान हैं । - **सरल वाक्य**

६.चोर ने सामान चुराया और भागा । - **संयुक्त वाक्य**

७.आप ही हैं , जिनकी बात मैं मान सकता हूँ ।- **मिश्र वाक्य**

८.यही वह स्थान है , जहाँ कल दुर्घटना हुई थी ।- **मिश्र वाक्य**

९.जब तक डॉक्टर पहुँचा,रोगी मर चुका था ।- **मिश्र वाक्य**

१०.तुमने काम नहीं किया अतः पैसे नहीं मिलेंगे ।- **संयुक्त वाक्य**

ख) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :-

१.तेंदुए ने गाँव में घुसकर दो लोगों को घायल कर दिया । (संयुक्त वाक्य में)

तेंदुआ गाँव में घुसा और उसने दो लोगों को घायल कर दिया ।

२.अच्छे अंक लाने के लिए परिश्रम करो । (मिश्र वाक्य)

यदि अच्छे अंक लाने हैं तो परिश्रम करो ।

३.कुत्ता भौंका और सभी जाग गए । (सरल वाक्य में)

कुत्ते के (भौंकने पर / भौंकते ही) सभी जाग गए ।

४.वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गई । (संयुक्त वाक्य में)

उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाज़ार गई ।

५.मैंने एक बीमार व्यक्ति को देखा । (मिश्र वाक्य में)

मैंने जिस व्यक्ति को देखा वह बीमार था ।

६.नीचे गिरते ही गिलास टूट गया । (संयुक्त वाक्य में)

गिलास नीचे गिरा और टूट गया ।

CamScanner

७.बारिश हुई और हरियाली छा गई। (सरल वाक्य में)

बारिश के होते ही हरियाली छा गई।

८.किसान के बैल खूँटे से खुल गए और खेत में चरने लगे। (सरल वाक्य में)

किसान के बैल खूँटे से खुलकर खेत में चरने लगे।

९.विजय खाना खाकर काम पर गया। (संयुक्त वाक्य में)

विजय ने खाना खाया और वह काम पर गया।

१०.खरगोश घर में हैं और वे गाजर खा रहे हैं। (मिश्र वाक्य में)

जो खरगोश घर में हैं वे गाजर खा रहे हैं।

११.उसने कहा कि वह स्कूल नहीं जाएगा। (प्रधान उपवाक्य छाँटिए)

प्रधान उपवाक्य - उसने कहा

CamScanner